>

Title: Need to start Delhi- Kathmandu International Bus Service.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : उपाध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान के बहुत से निवासी अपने पड़ोसी देश नेपाल राÂद्र की सीमा में रहते हैं और कारोबार करते हैं। उन्होंने और नेपाल के बहुत से नागरिकों ने भारत-नेपाल मैत्री संघ के माध्यम से दिल्ली से काठमांडू तक अंतर्राÂट्रीय बस यातायात सेवा प्रारंभ करने के लिए आग्रह किया है क्योंकि इन लोगों को व्यापार तथा अन्य कई कारणों से हिन्दुस्तान और नेपाल के बीच आना-जाना पड़ता है।

अतः मैं सदन के माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि इस संबंध में पहल करते हुए सारी औपचारिकताएं जल्दी पूरी कराकर दिल्ली से काठमांडू के बीच बस यातायात सेवा वाया गौरीफंटा घनगढ़ी, जो मेरे संसदीय क्षेत्र में पड़ता है, वहां से चालू कराने की मेहरबानी करें।